## एक नजर में

### एसडीएम-एसडीओपी ने पेट्रोल पंप संचालकों के साथ ली बैठक, व्यवस्था के दिए निर्देश

**बड़वाह, निप्र।** नगर में पेट्रोल-डीजल की किल्लत की अफवाहों के बीच प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट की ह। प्रशासन ने आमजन से शांति बनाए रखने और घबराहट से बचने की अपील की ह। एसडीएम सत्यनारायण दर्रे ने बुधवार शाम को नगर के विभिन्न पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नागरिकों को बताया गया कि शहर में पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं ह। अधिकारियों ने लोगों से केवल आवश्यकतानुसार ही ईंधन लेने और अनावश्यक रूप से स्टॉक करने से बचने का आग्रह किया। गुरुवार को एसडीएम, एसडीओपी अर्चना रावत, तहसीलदार शिवराम कनासे ने एसड़ीएम कार्यालय मे पेट्रोल संचालको के साथ बैठक आयोजित की। एसडीएम ने पेट्रोल पंप संचालकों को भी निर्देश दिए हैं कि वे टैंकरों, कुप्पों या अन्य खुले बर्तनों में पेट्रोल-डीजल न दें। ईंधन केवल वाहनों में ही उपलब्ध कराया जाए। हालांकि खेतो में गेहूं कटाई का काम चल रहा है, इसके लिए हार्वेस्टर में डीजल की आवश्यकता होती है, ऐसे वाहनों के लिए छुट दी गई ह। एसडीएम ने सभी पेट्रोल पंप संचालकों के साथ बैठक कर स्पष्ट निर्देश दिए हैं और आपूर्ति पूरी तरह सामान्य ह। एसडीओपी अर्चना रावत ने आमजन से किसी प्रकार की घबराहट (पैनिक) न फैलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा स्थिति की पूरी निगरानी की जा रही है और पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति में कोई कमी नहीं है। एसडीएम ने बताया कि कुछ लोग खुले बर्तनों और टैंकरों में पेट्रोल-डीजल भरकर स्टॉक करने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे अनावश्यक भीड़ और अव्यवस्था पैदा हो रही है।



### पंचक्रोशी पदयात्रा कल निकलेगी



**महेश्वर, निप्र।** नगर की अति प्राचीन नर्मदा पैदल पंचकोसी परिक्रमा यात्रा की शुरुआत 29 मार्च चैत्र शुक्ल एकादशी की सुबह नर्मदा तट के अहिल्या घाट से मां नर्मदा की पूजा अर्चना तथा भगवान श्री राजराजेश्वर के दर्शन पश्चात महेश्वर से प्रस्थान करेंगी। यात्रा अपने प्रथम पड़ाव के तहत ग्राम चोली रुकेगी तत्पश्चात अगले पड़ाव के लिए प्रस्थान करेगी नर्मदा परिक्रमा की जानकारी देते हुए मनोज पाटीदार ने बताया कि नगर की यह सबसे प्राचीन नर्मदा परिक्रमा है जो महेश्वर में 1985 से लगातार चली आ रही है इस नर्मदा परिक्रमा में निमाड़ मालवा के हजारों लोग शामिल होकर मां नर्मदा की परिक्रमा करते हुए पुण्य लाभ लेते हैं नर्मदा परिक्रमा की व्यवस्थाओं के लिए गुरुवार को एसडीएम पूर्वा मंडलोई ,तहसीलदार कैलाश सस्तिया ने नर्मदा परिक्रमा की सहयोगी संस्था महिष्मति नर्मदा पंचकोसी पदयात्रा के प्रमुख पीके गुप्ता, मनोज पाटीदार तथा मुन्ना सराफ से चर्चा करते हुए व्यवस्थाओं की जानकारी ली साथ ही बैठक के दौरान अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि यात्रियों को जो भी आवश्यक व्यवस्थाएं लगेगी प्रशासन वह सब उपलब्ध कराएगा। यात्रा महेश्वर से प्रारंभ होकर ग्राम चोली, जालोद, कसरावद, ढालखेड़ा होते हुए हनुमान जयंती चैत्र पूर्णिमा पर महेश्वर के नर्मदा तट पर ही यात्रा संपन्न होगी। माहिष्मती नर्मदा पंचकुशी पदयात्रा सेवा समिति के पदाधिकारी ने क्षेत्र के नर्मदा भक्तों से आग्रह करते हुए कहा कि आप 28 मार्च की रात तक महेश्वर प्रस्थान करते हुए 29 मार्च को नर्मदा पंचकोशी पदयात्रा में शामिल होकर धर्म लाभ लेवे।

### परिणाम बिगड़ने पर बिफरी छात्राएं, शिक्षण व्यवस्था पर उठाए सवाल



**खरगोन, निप्र।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टांडा बरुड़ में कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम बिगडने पर जमकर हंगामा बरपा। नाराज छात्राओं ने विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था की गुणवत्ता, शिक्षकों की कमी सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं पर सवाल खड़े करते हुए छात्राओं ने खरगोन-बरुड मार्ग पर धरने दिया। प्राचार्य सहित अंग्रेजी विषय के शिक्षक के खिलाफ आक्रोष दर्ज कराया। विद्यार्थियों ने छात्र संगठन के बैनर तले प्रदर्शन किया। नाराज छात्राओं को समझाईश के लिए पहुंचे सहायक आयुक्त, विकास खंड शिक्षा अधिकारी, बीआरसी के साथ ही तहसीलदार के मिले आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया। इस दौरान सौंपे ज्ञापन में शिक्षकों का समय पर स्कूल नहीं आना, निर्धारित विषयों की कक्षाएं नियमित नहीं लगना, स्कूल में अनुशासनहीन गतिविधियां, छात्रों से स्कूल का कार्य करवाना, परीक्षा में नकल करवाकर परिणाम सुधारने का प्रयास जैसी अव्यवस्थाएं गिनाई। इस दौरान छात्राओं ने स्कूल में शिक्षकों के जन्मदिन मनाए जाने और कभी-कभी भोजन की व्यवस्था भी अनुचित तरीके से करने के गंभीर आरोप लगाए। करीब 4 घंटे तक तेज धूप में छात्राएं धरने पर बैठी रहीं। इस दौरान सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। थाना प्रभारी और प्राचार्य द्वारा समझाने के बावजूद छात्राएं वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़ी रहीं।

### भाजपा किसान मोर्चा ने किया उन्नतशील किसानों का सम्मान, मना रहे सेवा सप्ताह

**खरगोन, निप्र।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा 23 से 29 मार्च तक किसान कल्याण वर्ष के तहत किसान सेवा सप्ताह अभियान चलाया जा रहा है। सेवा सप्ताह के तहत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जन्मदिन के उपलक्ष्य में कृषि उपज मंडी बिस्टान रोड़ पर किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बंटी तंवर, कार्यक्रम प्रभारी संतोष पाटीदार युपीएल, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष पंवार, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष गजानंद पटेल, महेश डंडीर उपस्थित थे। कार्यक्रम प्रभारी श्री पाटीदार ने बताया किसानो के प्रति सम्मान, सेवा और समर्पण की भावना को सशक्त करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें किसानों के लिए प्याऊ शुरु कर शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई। इसके साथ ही उन्नत शील किसानों का सम्मान कर देश में अन्न के भंडार भरने के लिए आभार जताया। समारोह में जैविक खेती, उन्नत तकनीक और पशुपालन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को सम्मानित किया गया। 23 से 29 मार्च तक चलाए जा रहे सेवा सप्ताह का उद्देश्य किसानों को आत्मनिर्भर बनाने, आधुनिक खेती के लिए प्रोत्साहित करने और उनकी मेहनत का सम्मान करना है।



# एएसआई को 7 हजार रिश्वत लेते रंगेहाथों पकड़ा

## कसरावद में लोकायुक्त पुलिस की टीम ने की बड़ी कार्रवाई, दस हजार की कर रहा था मांग

**कसरावद, निप्र।** महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख के निर्देश पर भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए लोकायुक्त टीम इंदौर ने कसरावद थाना में पदस्थ कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक (सउनि) रवीन्द्र कुमार गुरू को 7 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों ट्रैप किया।

जानकारी के अनुसार, आवेदक श्यामलाल उपाध्याय (69), निवासी ग्राम चंदावड़ तहसील भगवानपुरा, पेशे से किसान हैं। आवेदक के विरुद्ध कसरावद निवासी राजेश बागदरे ने पुलिस थाना कसरावद में जान से मारने की धमकी दिये जाने की




शिकायत की थी। आवेदक के विरुद्ध कसरावद निवासी राजेश बागदरे ने पुलिस थाना कसरावद में जान से मारने की धमकी दिये जाने की




शिकायत दर्ज कराई थी।

इस शिकायत के निराकरण के एवज में आरोपी सउनि रवीन्द्र कुमार गुरू द्वारा आवेदक से 20 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की जा रही थी। इस पर आवेदक ने लोकायुक्त कार्यालय इंदौर में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत का सत्यापन सही पाए जाने के बाद 27 मार्च को ट्रैप दल का गठन किया गया। टीम ने कसरावद बस स्टैंड पर आरोपी को आवेदक से 7 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम 2018 की धारा 7 के तहत कार्रवाई की जा रही है।

ट्रैप दल में कार्यवाहक निरीक्षक सचिन पटेरिया, कार्यवाहक निरीक्षक आशुतोष मिठास, कार्यवाहक प्रधान आरक्षक प्रमोद यादव, विवेक मिश्रा तथा आरक्षक विजय कुमार, शिवप्रकाश पाराशर और आशीष नायडू शामिल रहे। लोकायुक्त संगठन द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। आमजन से अपील की गई है कि यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी रिश्वत की मांग करता है तो इसकी शिकायत लोकायुक्त कार्यालय इंदौर में करें।

## 12 बजते ही बजे घंटे-घड़ियाल, गूंजा जय श्रीराम

### राम नवमी पर मंदिरों में उमड़ी भीड़ पूजा अर्चना के बाद हुए भंडारे

**महेश्वर, निप्र।** नगर में भगवान राम का जन्मोत्सव शुक्रवार को बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। मंदिरों में यूं तो सुबह से ही श्रद्धालुओ में भारी उत्साह और उमंग देखी जा रही थी लेकिन दोपहर 12:00 बजे मंदिरों सभा मंडप में श्रद्धालुओं की अचानक भीड़ बढ़ गई।

दोपहर 12 बजते ही मंदिरों में शंख-घड़ियालों की आवाजो के साथ जय-जय सियाराम का जय घोष होने के साथ ही भगवान राम का जन्मोत्सव मनाते हुए आतिशबाजी की गई। मंदिरों में सुंदरकांड ,हनुमान चालीसा ,रामचरितमानस के पाठ किए गए वही भगवान जन्म के पश्चात पूजा अर्चना के साथ ही भोजन प्रसादी और भंडारों का दौर भी चालू हो गया था नगर के जूना राम मंदिर, बढ दक्कन के प्राचीन राम मंदिर तथा श्री विजय राम मंदिर में विशाल कार्यक्रम आयोजित हुए इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा मंदिरों को



पुष्प मालाओं और रंगोली तथा केले के पत्तों से सजाया गया था। राम मंदिर में दोपहर 12:30 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के हजारों लोगों ने प्रसादी लेते हुए पूर्ण लाभ लिया भगवान राम के जन्म उत्सव पर नगर के राधा कृष्ण मंदिर ,गोपाल कृष्ण मंदिर, कृष्ण मंदिर, बांके बिहारी मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही भक्त जनों ने अपनी आस्था अनुसार भगवान राम तथा भगवान कृष्ण के दर्शन करते हुए पुण्य लाभ लिया इस अवसर पर कई लोगों ने दान धर्म भी किया। इस अवसर पर नर्मदा तट पर स्थित अति प्राचीन मंदिर में मां गायत्री के परम भक्त विवेक जैन तथा साथियों के सहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी लेते हुए धर्म लाभ लिया।

### श्रीराम जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा, झांकियों ने मोहा मन

**खरगोन, निप्र।** चैत्र नवरात्र में तिथियों की घट-बढ़ के चलते रामनवमी दो तिथियां में मनाई गई। शुक्रवार को भी शहर में राम जन्मोत्सव का उल्लास छाया रहा। चैत्र नवरात्र में 9 देवियों को विदाई और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के प्राकटेत्सव का उल्लास शहर सहित समूचे अंचल में छाया रहा।

सुबह देवी मंदिरों में जहां हवन-पूजन, पूर्णाहुति हुई तो वही दोपहर बाद श्रीराम मंदिरों में रामलला को पालना झुलाने की होड़ सी मची रही। शाम 4 बजे श्रीराम जन्मोत्सव समिति गौ रक्षक तालाब चौक के तत्वाधान में श्रीरामजी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा से पूर्व हुए पूजन-अर्चन और महाआरती में विधायक बालकृष्ण पाटीदार भी शामिल हुए। इसके बाद झिलमिल झाकियों के कारवें के साथ शोभायात्रा निकाली गई। श्रीराम दरबार, श्री खाटूश्याम सहित देवी- देवताओं की महिमा को प्रदर्शित करने के साथ ही सामाजिक संदेश देने वाली झाकियां आकर्षण का केंद्र रही। इस शोभायात्रा में सनातन धर्म के सभी संगठनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हर तरफ जयकारे गूंजते रहे, युवाओं के हाथों में भगवा पताकाएं नजर आई। समिति अध्यक्ष अनिल



गुप्ता, हरिओम यादव, संरक्षक सतीष राठौर आदि ने बताया कि शोभायात्रा में शामिल युवा गर्जना से करीब 6 घंटे तक शहर गुंजायमान होता रहा। नयनाभिराम झाकियां, ढोल .ताशे, नगाड़े, बैंड आकर्षण का केंद्र रहे। डीजे की धून पर बज रहे भक्ति गीतों में लीन होकर युवा रास्तेभर थिरकते रहे। उक्त यात्रा मणी चौक से शुरु होकर तालाब चौक, गुरुवा दरवाजा, झंडा चौक, सराफा बाजार, पोस्ट ऑफिस, श्रीकृष्ण टॉकिज होते हुए श्रीराम धर्मशाला स्थित मंदिर पहुंची। यहां महाआरती के बाद प्रसादी वितरण कर शोभायात्रा को विराम दिया गया। जोश से भरे युवाओं ने यहां हिंदु धर्म के आराध्य देव श्रीराम की महाआरती की। यात्रा को लेकर शहरवासियों में उत्सवी माहौल रहा। जिस-जिस मार्ग से गुजरी वहां स्वल्पाहार सहित शरबत और पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया।

### महानवमी महोत्सव में भावसार क्षत्रिय समाज की प्रतिभाएं हुई सम्मानित



**खरगोन, निप्र।** भावसार क्षत्रिय समाज चैत्र मास की महाष्टमी और महानवमी पर धार्मिक, सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। दो दिवसीय आयोजन के तहत शुक्रवार राम नवमी पर श्री रामद्वारा मंदिर में दोपहर 12 बजे भगवान श्रीराम की आरती की गई।

भावसार समाज उपाध्यक्ष अभिषेक लाला भावसार ने बताया कि शाम 5 बजे भावसार मंगल भवन में मातृशक्ति संरक्षण विषय पर इंदौर से पधारी रितु भावसार ने महिला संरक्षण पर प्रेरणा दायक उदद्बोधन दिया। योग शिक्षिका सीखा बजाज ने योग के लिए प्रेरित किया। क्षेत्रीय विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने भी समाज में एकता एवं शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। भाजपा जिला अध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे भी उपस्थित थी। कार्यक्रम के दौरान समाज अध्यक्ष सुनील भावसार सहित पदाधिकारियों ने 19 मेधावी विद्यार्थियों को प्रतिभा सम्मान से सम्मानित कर प्रोत्साहित किया। शाम को भंडारे का आयोजन किया गया। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। इस आयोजन में पूर्व अध्यक्ष नीलेश भावसार, लोकेश भावसार, कल्ली भावसार, सोनू भावसार, मनोज भावसार, डॉ. गौरव भावसार, दीपक पंवार, धीरज भावसार, महिला मंडल अध्यक्ष डिम्पल भावसार, सोनल भावसार, स्वाति भावसार, शांता भावसार, डॉ. नम्रता भावसार, मयूरी भावसार सहित समाज के अनेक सदस्य उपस्थित थे।

### गणगौर माता की बाड़ी में भव्य कन्या पूजन के बाद भंडारा, श्रद्धालुओं ने ग्रहण की भोजन प्रसादी

**कसरावद, निप्र।** श्री रामनवमी के पावन अवसर पर नगर के इंदौर रोड स्थित गणगौर माता की बाड़ी में कन्या पूजन एवं कन्या भोज का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कन्याओं सहित नगर के श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर भोजन प्रसादी ग्रहण की और पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम का आयोजन स्वयंभू श्री गणेश नवनिर्माण मंदिर एवं गणगौर माता की बाड़ी मंदिर समिति द्वारा किया गया।



सुबह से ही मंदिर परिसर में धार्मिक गतिविधियां प्रारंभ हो गई थीं। समिति द्वारा भोजन प्रसादी की विशेष तैयारियां की गईं। विधिवत पूजा-अर्चना के बाद कन्याओं को देवी स्वरूप मानते हुए उनका पूजन किया गया और उन्हें ससम्मान भोजन कराया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने कन्याओं के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन समिति के कमलेश पाटीदार एवं यशवंत कर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2017 से प्रतिवर्ष रामनवमी के अवसर पर इस कन्या भोज का आयोजन किया जा रहा है, जो अब एक स्थायी परंपरा बन चुकी है। उन्होंने बताया कि कन्या पूजन के साथ भंडारे का आयोजन भी किया जाता है, जिसमें नगर की सैकड़ों कन्याएं और गणमान्य नागरिक शामिल होकर भोजन प्रसादी ग्रहण करते हैं। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल बना रहा। समिति सदस्यों ने व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आयोजन धार्मिक आस्था के साथ सेवा, सहयोग और संस्कारों की भावना को भी सुदृढ़ बनाने का संदेश देता है।

### रामनवमी पर नगर भक्तिमय माहौल में डूबा

**बिस्टान, निप्र।** रामनवमी के अवसर पर शुक्रवार को नगर भक्तिमय माहौल में डूबा नजर आया। दोपहर 12 बजते ही मंदिरों में जय श्री राम की गूंज सुनाई दी और पूरा वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो गया। नगर के इंद्रावती नदी बाजार चौक स्थित श्री राम मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

दोपहर के समय शंख और घंटी की ध्वनि के बीच महाआरती की गई। इससे पहले भगवान का अभिषेक, पूजन और विशेष श्रृंगार किया गया। आरती के बाद श्रद्धालुओं को



महाप्रसादी वितरित की गई। मंदिर को आकर्षक विद्युत लाइट सीरीज व फूलों से सजाया गया था। भजन मण्डली द्वारा भजनों की प्रस्तुति देते भजन

### नवग्रह मंदिर अंधे मोड़ पर ट्राले की चपेट में आए स्कूटी सवार, दो घायल

**खरगोन, निप्र।** शहर के नवग्रह मन्दिर के अंधे मोड़ पर एक ट्राला चालक ने स्कूटी वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में स्कूटी सवार दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद एक युवक को रेफर कर दिया गया।

जानकारी अनुसार प्रकाश पिता मायाराम ओर दीपक पिता रमेश वर्मा निवासी कहारवाड़ी खरगोन है। घायलों ने बताया वह सुख पूरी की ओर से खरगोन आ रहे थे। इसी दौरान



नवग्रह मंदिर तिराहे पर ट्रॉले ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद भी ट्राला चालक ने वाहन रोका नही। हादसे में प्रकाश के दोनों पैरों और सर में गंभीर चोट आई है। जिला अस्पताल में हालत बिगडने् पर उसे इंदौर रैफर कर दिया गया।

**एक नजर में** ▶ नौ दिन तक चलने वाले श्रीराम नवमी महोत्सव का महाप्रसादी वितरण के साथ समापन

# राम जन्मोत्सव, सुबह अभिषेक श्रृंगार, शाम को पालकी यात्रा

**नवभारत न्यूज**

**मंडलेश्वर, निप्र।** नौ दिन तक चलने वाले श्रीराम नवमी महोत्सव का शुक्रवार की शाम महाप्रसादी वितरण के साथ समापन हो गया। नगर के प्राचीन श्री समर्थ सदगुरु ब्रम्हचैतन्य गोंदवलेकर महाराज श्रीराम मंदिर मे चल रहे 94 वें श्रीराम जन्मोत्सव के तहत 19 मार्च से प्रतिदिन कार्यक्रम हो रहे हैं।

रामनवमी के अवसर पर सुबह 7 बजे से पंचामृत अभिषेक के बाद राम भक्त शिक्षक नरेंद्र राठौड़ द्वारा प्रभु श्रीराम जानकी लक्ष्मण और



हनुमान जी को पोशाक अर्पित की गई। इसके बाद स्थानीय भजन मंडल के गायक गणेश मामा पाटीदार और उनकी मंडली ने शानदार कीर्तन किया। पराजकता मोड़क ने मराठी भक्ति गीतों से माहौल राममय कर दिया। 12 बजे रामजन्म के शुभ अवसर पर मंदिर परिसर मे भक्तों द्वारा आतिशबाजी कर खुशियाँ मनाई गईं जन्म आरती के



पश्चात प्रसाद वितरण हुआ। नगर के प्राचीन जूना श्रीराम मंदिर मे भी जन्मोत्सव मनाया गया पंडित पंकज मेहता ने बताया की सुबह पंचामृत अभिषेक के बाद श्रृंगार कर जन्म आरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

**क्या मंडलेश्वर मे भी आए थे श्रीराम:-** रामजन्म उत्सव समारोह मे पहुंचे श्रीराम सांस्कृतिक शोध संस्थान नई दिल्ली के शोधकर्ता खरगोन के आचार्य दिलीप करपे से नगर परिषद मंडलेश्वर के अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे अधिवक्ता संजीव मोयदे अनिल भटोरे रत्नदीप मोयदे सहित गणमान्य लोगो ने भेंट की और राम वन गमन पथ पर कार्य करने के लिए उनका सम्मान किया। इस अवसर पर अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे ने आचार्य से पूछा की क्या प्रभु श्रीराम मंडलेश्वर आए थे। तो आचार्य ने बताया की राम वन गमन पथ पर मंडलेश्वर नहीं था। लेकिन श्रीराम द्वारा तीर्थयात्रा की गई थी उस यात्रा मे कौन कौन से स्थान शामिल थे इस पर शोध कार्य चल रहा हैं। उसमे मंडलेश्वर महेश्वर भी हो सकता हैं।

**रामलला की पालकी का मुस्लिम समाज ने किया स्वागत:-** रामनवमी के शुभ अवसर पर श्रीराम मंदिर से भगवान श्रीराम की भव्य पालकी का चल समारोह शाम को निकला जो नगर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ बस स्टैंड पहुंचा जहाँ मुस्लिम समाज द्वारा पालकी पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। मुस्लिम समाज सदर साहिल कुरैशी के साथ शहर मुस्लिम जमात कमेटी के पदाधिकारियों पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष हाजी अब्दुल खालिक कुरैशी पूर्व पार्षद एजाज कुरैशी पूर्व पार्षद सलीम जाये तस्लीम खान हाफिज कुरैशी शहजाद अली अमजद खान जफर खान जाकीर जाये ने श्रीराम लला पालकी चल समारोह मे पुष्पवर्षा की।